HAMIRPUR POLICE

दिनाँक- 08.12.2024

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-V के अंतर्गत जनपद पुलिस की कार्यशाला –

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे “मिशन शक्ति फेज-V के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों/ मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है ।

इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर **1090** व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों **1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **1090** वीमेन पावर लाइन , **181** वीमेन हैल्पलाइन , **112** पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, **108** एम्बुलेंस सेवा, **1098** चाइल्ड लाइन, **101** अग्निशमन सेवा व **1930** साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।